एकलपीठ सिविल रेस्टोरेशन प्रार्थना पत्र संख्या-521/2006

अन्तर्गत

एकलपीठ सिविल रिट याचिका संख्या-2498/1999

15.11.2006

माननीय न्यायाधिपति श्री शिव कुमार शर्मा

श्री वैभव कासलीवाल, अधिवक्ता वास्ते प्रार्थी।

सुना गया। पत्रावली पर उपलब्ध सामग्री का अनुशीलन किया गया। प्रार्थना पत्र के समर्थन में अधिवक्ता का शपथ पत्र प्रस्तुत किया है। प्रार्थना पत्र में वर्णित आधारों को दृष्टिगत रखते हुए यह रेस्टोरेशन प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है। इस न्यायालय द्वारा पूर्व पारित आदेश दिनांक 09.10.2006 रि- कॉल किया जाता है तथा रिट याचिका को उसके मूल क्रमांक पर पुन: स्थापित करने के निर्देश दिए जाते हैं।

(न्या0 शिव कुमार शर्मा)